भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 527
दिनांक 25 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

एनआईपीईआर की स्थापना

527. श्री मनोज कोटकः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय भेषज शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो मानव संसाधन के रूप में इसकी अपार संभावनाओं के मद्देनजर तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार विभिन्न राज्यों में एनआईपीईआर खोलने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री डी. वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): इस समय देश के विभिन्न भागों में सात राष्ट्रीय औषध शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान सरकार ने तीन और नाईपरों की स्थापना का प्रस्ताव रखा - महाराष्ट्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - प्रत्येक राज्य में एक-एक नाईपर।
(ग) और (घ): वर्तमान नाईपरों का मूल्यांकन करने के बाद, नीति आयोग ने नये नाईपरों की स्थापना करने के बजाय विद्यमान संस्थानों को समेकित करने की सिफारिश की। तदन्तर, दिनांक 26.03.2018 को हुई अपनी बैठक में व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ने भी प्रस्तावित नये नाईपरों की स्थापना को आस्थगित करने की सिफारिश की। इस प्रकार, इस समय सरकार कोई भी नया नाईपर खोलने के लिए प्रस्ताव नहीं कर रही है।

*****